SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
TERM–2

CLASS -6 **SUBJECT – HINDI**

PREPARED BY –DEEPIKA MEHRA **LESSON -13 व्याकरण –सर्वनाम**

Prepared Date – **Given Date –**

सर्वनाम की परिभाषा –

जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं ,उन्हें सर्वनाम कहते हैं ı

सर्वनाम के भेद–

सर्वनाम के ६ भेद होते हैं–

१) पुरुषवाचक सर्वनाम

२) निश्चयवाचक सर्वनाम

३) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

४) प्रश्नवाचक सर्वनाम

५) निजवाचक सर्वनाम

६) संबंधवाचक सर्वनाम

१) पुरुषवाचक सर्वनाम– बोलने वाले सुनने वाले या किसी अन्य व्यक्ति के लिए प्रयुक्त होने वाले सर्वनाम को पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं यह तीन प्रकार के होते हैं।

क) उत्तम पुरुष सर्वनाम– ऐसे सर्वनाम शब्द जो बोलने वाला अपने लिए प्रयोग करें ,उन्हें उत्तम पुरुष सर्वनाम कहते हैं। जैसे –मैंने , मैं ,हम, हमारा ,हमको आदि।

ख) मध्यम पुरुष सर्वनाम – ऐसे सर्वनाम शब्द जो सुनने वाले के लिए प्रयोग में ले जाए उन्हें मध्यम पुरुष सर्वनाम कहते हैं।। जैसे– तू ,तुम, तुमने ,आप आदि।

ग) अन्य पुरुष –ऐसे सर्वनाम शब्द जो बोलने वाला यह सुनने वाला किसी अन्य व्यक्ति के लिए प्रयोग में लाता है उन्हें अन्य पुरुष सर्वनाम कहते हैं।।
जैसे –वें ,वह ,उसने ,उन्होंने, उनका ,उसे आदि।

२) निश्चयवाचक सर्वनाम– ऐसे सर्वनाम शब्द जो किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु के लिए प्रयोग में ले जाते हैं ,उन्हें निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं। इन्हें संकेत वाचक सर्वनाम भी कहते हैं क्योंकि वह संकेत करते हैं।।
जैसे – **वह** मेरा बैग नहीं ,विदिशा का है।

यह बहुत उपयोगी किताब है।

३) अनिश्चयवाचक सर्वनाम– जिन सर्वनाम में किसी निश्चित वस्तु या व्यक्ति का बोध ना हो, उन्हें अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।

जैसे –**किसी** का पेन नीचे पड़ा है।

कोई गीत गा रहा है।

४) **प्रश्नवाचक सर्वनाम** –ऐसे सर्वनाम शब्द जो किसी वस्तु या व्यक्ति के बारे में प्रश्न पूछने में काम आए हुए प्रश्न वाचक सर्वनाम कहलाते हैं।

जैसे – बाजार से सामान **कौन** लाएगा?

इनाम **किसे** मिला?

५) निजवाचक सर्वनाम –ऐसे सर्वनाम जो कर्ता के द्वारा स्वयं काम किए जाने का बोध कराते हैं ,निजवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।

जैसे –मैं **खुद** चला जाऊँगा।

वहद **स्वयं** रूठकर चली गई।

६) संबंधवाचक सर्वनाम –ऐसे सर्वनाम शब्द जिनसे वाक्य के दूसरे सर्वनाम शब्दों से संबंध स्थापित होता है ,उन्हें संबंध वाचक सर्वनाम कहते हैं।

जैसे –**जैसा** करोगे **वैसा** भरोगे।

जो मंदिर आया है **वह** प्रसाद पाएगा।